Hindi Education Online
हिंदी सीखो कार्य प्रपत्र

नाम :	कक्षा :	विषय :	संख्या: १

सोशल मीडिया मूल रूप से कंप्यूटर या किसी भी मानव संचार या जानकारी के आदान-प्रदान करने से जुड़ा हुआ है। जो कंप्यूटर, टैबलेट या मोबाइल के माध्यम से प्राप्त की जाती है। ऐसी कई वेबसाइटें और ऐप्स भी हैं जो इसे संभव बनाते हैं। सोशल मीडिया अब संचार का सबसे बड़ा माध्यम बन रहा है और तेजी से लोकप्रियता प्राप्त
कर रहा है। सोशल मीडिया आपके विचारों, सामग्री, सूचना और समाचार इत्यादि को बहुत तेजी से एक दूसरे से साझा करने में सक्षम बनाता है। पिछले कुछ वर्षो में सोशल मीडिया के उपयोग में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि हुई है तथा इसने दुनिया भर के लाखों उपयोगकर्ताओं को एक साथ जोड़ लिया है।

हम आज उस समय और युग में हैं जहां सूचना सिर्फ एक बटन दबाने पर मिल जाती है। इनके कारण हम अपने चारों ओर की जानकारी से अवगत हो जाते हैं। सोशल मीडिया वह जगह है, जहाँ हमे किसी भी चीज के बारे में जानने, पढ़ने, समझने और बोलने का मौका मिलता हैं। सोशल मीडिया उन बड़े तत्वों में से एक है जिसके साथ हम जुडे हुए हैं और जिसे हम अनदेखा नहीं कर सकते।

सोशल मीडिया वेबसाइटों, अनुप्रयोगों और अन्य प्लेटफार्मों का संग्रह है, जो हमें जानकारियों का आदान-प्रदान करने तथा हमें सोशल नेटवर्किंग में भाग लेने में मदद करता है। सोशल मीडिया ब्लॉगिंग और चित्रों को साझा करने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि ये हमे बहुत मजबूत उपकरण भी प्रदान करता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि सोशल मीडिया का प्रभाव बहुत दूर तक पहुंच रहा है और यह किसी की छवि को बना या बिगाड़ भी सकता है।

लेकिन सोशल मीडिया आज विवाद का विषय बन गया है, कुछ लोग इसे वरदान समझते है तो वहीं कुछ लोग ऐसे भी है जो इसे एक अभिशाप मानते है। लोग ज्यादातर यह महसूस करते हैं कि सोशल मीडिया ने तेज गति के साथ मानव की अंतःक्रियाओं को नष्ट कर, आधुनिक मानव संबंधों में परिवर्तन कर दिया है। लेकिन कुछ लोग इसे वरदान मानते है क्योंकि इसके कारण वो दुनिया के हर कोने से जुड़े हुए महसूस करते है जिसके द्वारा वो दूर बसे अपने प्रियजनों से बात कर सकते हैं। जागरूकता फैला सकते हैं और सुरक्षा चेतावनियाँ भी भेज सकते हैं। ऐसा बहुत कुछ है जो सोशल मीडिया के माध्यम से किया जा सकता है। यह एक अविश्वसनीय तथ्य भी है कि सोशल मीडिया की मौजूदगी ने हमारे जीवन को सुविधाजनक, आसान और बहुत तेज़ बना दिया है।

सोशल मीडिया के सकारात्मक प्रभाव-

1. यह शिक्षा के लिए एक अच्छा उपकरण है।
2. सोशल मीडिया ने सूचनाओं का अम्बार लगा दिया है। आज छोटा बच्चा भी अपनी सारी जिज्ञासाओं को उसी समय इंटरनेट से खोज कर शांत कर लेता है।
3. यह कई सामाजिक मुद्दों के लिए जागरूकता पैदा कर सकता है।

 All Rights Reserved

नाम :	कक्षा :	विषय :	संख्या: १

4. ऑनलाइन जानकारी तेज़ी से हस्तांतरित होती है, जिसकी मदद से उपयोगकर्ताओं को सूचना तत्काल ही प्राप्त हो जाती हैं।
5. इसे एक समाचार माध्यम के रूप में भी इस्तेमाल किया जा सकता है।
6. इसके कुछ सामाजिक लाभ भी हैं जैसे लंबी दूरी के दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ संचार कर पाना।
7. यह ऑनलाइन रोजगार के अवसर प्रदान करता है।
8. आज बैंकिंग, बिल हस्तांतरण, बिल पेमेंट सब घर बैठे सुगमता से होने लगे हैं।

हम मानते हैं कि सोशल नेटवर्क के सकारात्मक प्रभाव हैं लेकिन सभी चीजों की तरह इसकी भी कुछ बुराईयाँ है।

सोशल मीडिया के नकारात्मक प्रभाव-

1. परीक्षा में नकल करने में मदद करता है।
2. छात्रों के शैक्षिक श्रेणी और प्रदर्शन को खराब करता है।
3. निजता का अभाव।
4. उपयोगकर्ता हैकिंग, आइडेंटिटी को चोरी, फ़िशिंग अपराध इत्यादि जैसे साइबर अपराधों के का शिकार हो सकता हैं।
5. इसके द्वारा बच्चे अपना बचपन खो बैठे हैं अब खेल, खिलौने ,मिलजुलकर मित्रों के साथ खेलना सब उपेक्षित होने लगे हैं।
6. सोशल मीडिया में बढ़ती व्यक्ति की व्यस्तता ने आपसी संबंधों और रिश्तों को सतही बना दिया है।
7. इसका स्वास्थ्य पर भी बड़ा बुरा प्रभाव पड़ता है जहाँ छोटी उम्र में आँखे ख़राब होने लगी है तो लम्बे समय तक कम्प्यूटर पर काम करने से लोग पीठ दर्द और स्पाइनल रोग से ग्रसित होने लगे हैं

निष्कर्ष: सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पहलुओं में कोई संदेह नहीं है लेकिन उपयोगकर्ताओं को सोशल नेटवर्किंग के उपयोग पर अपने विवेकाधिकार का उपयोग करना चाहिए। एक छात्र के रूप में संपूर्ण जीवन जीने के लिए अध्ययन, खेल और सोशल मीडिया जैसे कार्यों में संतुलन बनाये रखना चाहिए।

 All Rights Reserved

Hindi Education Online

हिंदी सीखो कार्य प्रपत्र

नाम :	कक्षा :	विषय :	संख्या: १

प्रश्न १. सोशल मीडिया का महत्त्व लिखिए ?

____

____

____

प्रश्न २. सोशल मीडिया के द्वारा आप क्या साझा कर सकते हो?

____

____

प्रश्न ३. 'सोशल मीडिया वरदान है या अभिशाप' इस सम्बन्ध में अपने विचार लिखिए:

____

____

____

____

____

____

All Rights Reserved

Hindi Education Online
हिंदी सीखो कार्य प्रपत्र

नाम :	कक्षा :	विषय :	संख्या: १

____

____

____

____

____

प्रश्न ४. एक छात्र को किन - किन कार्यों का संतुलन बनाए रखना चाहिए?

____

____

____

प्रश्न ५. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए और उन का वाक्यों में प्रयोग कीजिये :

संचार _______________

____

____

अप्रत्याशित _______________

 All Rights Reserved

Hindi Education Online

हिंदी सीखो कार्य प्रपत्र

नाम :	कक्षा :	विषय :	संख्या: १

___

___

सुगम ______________

___

___

सक्षम ______________

___

___

प्रश्न ६. निम्नलिखित शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए :

- सुगम
- सकारात्मक
- विश्वसनीय
- अभिशाप
- विवेक
- निजता

 All Rights Reserved